महात्मा गाँधी बालिका (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद

रेंजर्स
★ वार्षिक रिपोर्ट ★
सत्र 2018–19

डॉ0 फरहा तबस्सुम
एसोसिएट प्रोफेसर
(रेंजर्स प्रभारी)

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

तीन दिवसीय रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर

सत्र 2018–19

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद की लक्ष्मीबाई रेंजर्स टीम का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जॉच शिविर दिनांक 19.12.2018 से 21.12.2018 तक महाविद्यालय प्रांगण में लगाया गया।

शिविर का आरम्भ दिनांक 19.12.2018 को महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. निर्मला यादव द्वारा मॉ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर ध्वजारोहण से किया गया। प्रशिक्षण में श्री कोमल सिंह यादव, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट), जनपद फिरोजाबाद उपस्थित थे। उन्होनें प्रार्थना, झण्डा गीत, प्रतिज्ञा, नियम, सैल्यूट, बायां हाथ का मिलाना, स्काउट चिन्ह, स्काउट/गाइड का प्रशिक्षण ध्वज शिष्टाचार आदि के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

शिविर के द्वितीय दिवस दिनांक 20.12.2018 को प्रशिक्षक श्री कोमल सिंह यादव एवं जिला कमिश्नर गाइड डॉ. दर्शना कुमारी जी ने वर्दी, प्राथमिक चिकित्सा, वयस्क का प्रशिक्षण, गॉठे बंधन, सीटी के संकेत, टोली की जानकारी, अनुमान लगाना, हाईकिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, कैम्प फायर तथा तम्बू निर्माण के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

तृतीय दिवस दिनांक 21.12.2018 को शिविर की शुरुआत श्री कोमल सिंह एवं जिला कमिश्नर गाइड डॉ. दर्शना कुमारी जी ने प्रार्थना एवं झण्डा गीत से कराई। तम्बू निर्माण, कुकिंग तथा कैम्प फायर का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात् दीक्षा संस्कार का कार्यक्रम व ध्वजअवतरण कर राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. निर्मला यादव, डॉ. तुलसी देवी, डॉ. राज्यश्री मिश्रा, डॉ. रीता दीक्षित, डॉ. पूनम, डॉ. प्रज्ञा केसरवानी, डा. संध्या तिवारी,

रेंजर्स प्रभारी डॉ. फरहा तबस्सुम एवं प्रशिक्षिका चित्रांशी तौमर, शिवेन्द्र सिंह तथा महाविद्यालय की समस्त छात्रायें भी उपस्थित थी। रेंजर्स प्रभारी डॉ. फरहा तबस्सुम ने सभी का धन्यवाद किया।

दिनांक 29.10.2018 को उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल श्रीमती बैबीरानी मौर्य के आगमन पर तथा गणतन्त्र दिवस के अवसर पर रेंजर्स की छात्राओं ने घोषवादन किया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर रेन्जर्स की वह छात्राये जिन्होने घोष वादन किया था उन्हे पुरस्कृत भी किया गया।

F.Tabass

(डॉ. फरहा तबस्सुम)
एसोसिऐट प्रोफेसर
उर्दू विभाग / रेन्जर्स
प्रभारी